

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

शुक्रवार 03 जुलाई 2026 बर्ष 02 अंक 173 पृष्ठ 4

www.keshavtv24.com

Email:keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

*लोग चाहते हैं कि मैं बेहतर करूं, लेकिन वो कभी नहीं चाहते कि मैं उनसे बेहतर करूं। हार तो वो सबक है, जो आपको बेहतर होने का मौका देगी।*

## 15 अगस्त से जिला व अनुमंडलीय अस्पतालों से अनावश्यक रेफरल पर लगेगी रोक, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दिए निर्देश



**केशववाणी पटना(बिहार)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में स्वास्थ्य विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनोन्मुखी बनाने के लिए बेहतर कार्ययोजना के साथ काम करने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि 15 अगस्त 2026 से अनुमंडलीय एवं जिला अस्पतालों से मेडिकल कॉलेजों तथा अन्य उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में होने वाले अनावश्यक रेफरल पर रोक लगाई जाए। इसके लिए प्रभावी व्यवस्था विकसित करते हुए स्पष्ट नीति के तहत समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने बताया कि पहले चरण में यह व्यवस्था जिला एवं अनुमंडलीय अस्पतालों में लागू की जाएगी। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य संस्थानों के सुदृढ़ीकरण एवं रेफरल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए प्रमंडलीय आयुक्तों, जिला पदाधिकारियों एवं अन्य वरीय अधिकारियों को सरकारी अस्पतालों का नियमित रात्रिकालीन निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की सतत निगरानी से व्यवस्था में सुधार आएगा और मरीजों को बेहतर उपचार मिल सकेगा।बैठक में मुख्यमंत्री ने आयुष्मान भारत कार्ड एवं आभा आईडी बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने पर भी विशेष जोर दिया, ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और जवाबदेह स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना बिहार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों और अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना होगा।

## मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन का किया उद्घाटन, पटना मेट्रो प्री-पेड स्मार्ट कार्ड भी लॉन्च



**केशववाणी पटना(बिहार)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को पटना मेट्रो रेल परियोजना के प्रायोरिटी कॉरिडोर के अंतर्गत मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन का उद्घाटन कर मेट्रो सेवा के विस्तार का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने यात्रियों की सुविधा के लिए पटना मेट्रो प्री–पेड स्मार्ट कार्ड का भी शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मेट्रो सेवा के विस्तार से राजधानी पटना में सड़क यातायात का दबाव कम होगा। इससे लोगों की यात्रा अधिक तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक बनेगी, वहीं प्रदूषण नियंत्रण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन के संचालन से पूर्वी पटना के लाखों नागरिकों को आधुनिक, सुरक्षित और बेहतर सार्वजनिक परिवहन की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे दैनिक आवागमन और अधिक आसान हो जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पटना मेट्रो रेल परियोजना के शेष कार्यों को निर्धारित समय–सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए, ताकि राजधानी वासियों को जल्द से जल्द मेट्रो सेवा का पूरा लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आधुनिक एवं सुदृढ़ शहरी परिवहन व्यवस्था विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है और पटना मेट्रो परियोजना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## राजगीर मॉब लिंचिंग कांड: पीड़ित परिवार से मिले चिराग पासवान, नौकरी और बच्चों की पढ़ाई का उठाया जिम्मा

### दोषी कोई भी हो, बख्शा नहीं जाएगा — नालंदा पहुंचकर चिराग पासवान का बड़ा संदेश



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री तथा हाजीपुर सांसद चिराग पासवान गुरुवार को नालंदा पहुंचे। उन्होंने राजगीर में चोरी के शक में मॉब लिंचिंग का शिकार हुए पिंटू और श्रवण के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और हरसंभव न्याय दिलाने का भरोसा दिया। पीड़ित परिवार से मुलाकात के बाद चिराग पासवान ने कहा कि पासवान समाज के दो युवकों की जिस तरह पीट–पीटकर हत्या की गई, उससे पूरे प्रदेश में आक्रोश है। उन्होंने बताया कि घटना के दिन से ही उनकी पार्टी के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र भारती जिला प्रशासन के संपर्क में हैं, ताकि पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता और न्याय मिल सके। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। उन्होंने कहा कि परिवार के आश्रितों को अपने स्तर से रोजगार दिलाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही मृतकों के बच्चों की शिक्षा का पूरा खर्च उनकी पार्टी वहन करेगी। केंद्रीय मंत्री ने दोषियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अपराधी चाहे कोई भी हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। गौरतलब है कि 15 जून की रात राजगीर में चोरी के शक में पिंटू और श्रवण की भीड़ ने पीट–पीटकर हत्या कर दी थी। इस मामले में अब तक छह आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं या न्यायालय में आत्मसमर्पण कर चुके हैं। प्रशासन का कहना है कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

## झपकी बनी हादसे की वजह, नालंदा में दो ट्रकों की आमने–सामने टक्कर

### दोनों चालक घायल, घंटों जाम के बाद यातायात बहाल



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** नालंदा जिले के नूरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत बिहारशरीफ–दनियावां मुख्य मार्ग पर गुरुवार तड़के दो ट्रकों की आमने–सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों ट्रकों के चालक घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक ट्रक दूसरे ट्रक के ऊपर चढ़ गया, जिससे घटनास्थल पर अफरा–तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक ट्रक तिलैया से फतुहा की ओर जा रहा था, जबकि दूसरा ट्रक बिहारशरीफ की ओर से आ रहा था। प्रारंभिक जांच में चालक को झपकी आने के कारण दुर्घटना होने की आशंका जताई जा रही है। हादसे के बाद दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटना की सूचना मिलते ही नूरसराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने दोनों घायल चालकों को क्षतिग्रस्त ट्रकों से बाहर निकालकर तत्काल नूरसराय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है।दुर्घटना के कारण बिहारशरीफ–दनियावां मुख्य मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त ट्रकों को सड़क से हटवाया, जिसके बाद यातायात को सामान्य कराया गया। नूरसराय थाना के एएसआई शंभू कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया था। वहीं, थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि पीड़ित पक्ष से आवेदन प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल दोनों घायलों का इलाज जारी है।





अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

7033325120,9931609015

# बिहारशरीफ में जाम और यातायात व्यवस्था सुधारने को लेकर डीएम-एसपी की संयुक्त बैठक, ई-रिक्शा संचालन व अतिक्रमण पर सख्त निर्देश

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र में सड़क जाम, सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को जिलाधिकारी उदिता सिंह एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी बरसात के मौसम को देखते हुए शहर में संभावित अर्बन फ्लडिंग, जलजमाव, यातायात बाधित होने की आशंका तथा लगातार बढ़ती सड़क जाम की समस्या पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि आम नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में शहर में ई-रिक्शा के अनियंत्रित परिचालन को जाम का प्रमुख कारण माना गया। जिलाधिकारी ने ई-रिक्शा का संचालन निर्धारित रूट के अनुसार कराने, रूट का चिन्हांकन करने तथा प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सड़क जाम से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों रामचंद्रपुर, मछली मंडी, मामू-भगिना मोड़, अंबेर चौक, हॉस्पिटल मोड़ एवं भैंसासुर मोड़ को संवेदनशील हॉटस्पॉट घोषित करते हुए इन स्थानों पर विशेष अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया। साथ ही सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों को हटाकर सड़क की पूरी चौड़ाई यातायात के लिए उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जाम प्रभावित स्थलों पर दो शिफ्टों में होमगार्ड जवानों एवं पुलिस कांस्टेबलों की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों से कहा गया कि इन स्थानों पर नियमित निगरानी रखकर यातायात संचालन को सुचारु बनाए रखें।




बैठक में भागनबीघा-नूरसराय-चंडी मार्ग पर वाहनों की तेज रफ्तार पर नियंत्रण के लिए भी आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया गया।इसके अलावा भैंसासुर से समाहरणालय तथा एतवारी बाजार क्षेत्र में संचालित अस्पतालों एवं निजी क्लीनिकों के चिकित्सकों के साथ बैठक कर मरीजों के वाहनों के लिए व्यवस्थित पार्किंग स्थल चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्य सड़कों पर अव्यवस्थित पार्किंग जाम का बड़ा कारण बन रही है, इसलिए वैकल्पिक पार्किंग व्यवस्था विकसित की जाए। बैठक में खंदकपर रेलवे क्रॉसिंग के समीप यातायात को सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के लिए डिवाइडर निर्माण कराने का भी निर्देश दिया गया, ताकि वाहनों का आवागमन नियंत्रित और सुरक्षित ढंग से हो सके। बैठक में नगर निगम, पुलिस प्रशासन, यातायात शाखा तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि सड़क जाम की समस्या के स्थायी समाधान के लिए समन्वित कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवश्यक कार्य पूरे किए जाएं।




# नूरसराय चौहान मोड़ पर गोलंबर और अस्पताल के पास स्पीड ब्रेकर बनाने की उठी मांग, सड़क हादसों पर जताई चिंता

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट नूरसराय (नालंदा)।** नूरसराय-भागनबीघा-चंडी एसएच-78 पर स्थित नूरसराय चौहान मोड़ पर लगातार हो रहे सड़क हादसों को देखते हुए स्थानीय लोगों ने यहां गोलाकार गोलंबर (राउंडअबाउट) निर्माण कराने की मांग की है। उनका कहना है कि इस मोड़ पर पटना, भागनबीघा और बिहारशरीफ की ओर से आने वाले वाहनों का दबाव अधिक रहता है, जिससे अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, चौहान मोड़ काफी तीखा होने के कारण वाहन चालकों को दूसरी दिशा से आने वाले वाहनों का समय पर अंदाजा नहीं लग पाता। इसी वजह से आमने-सामने की टक्कर की आशंका बनी रहती है। लोगों का कहना है कि यदि यहां गोलंबर का निर्माण कराया जाए तो वाहनों की गति नियंत्रित होगी और दुर्घटनाओं में कमी आएगी।इसके अलावा नूरसराय अस्पताल के पास भी स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की गई है। लोगों का कहना है कि फ्लाईओवर से उतरने वाले और नीचे सड़क से गुजरने वाले वाहनों की रफ्तार अधिक होने के कारण यहां भी हादसे की आशंका बनी रहती है। ऐसे में स्पीड ब्रेकर बनने से वाहनों की गति नियंत्रित होगी और दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लग सकेगी। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन एवं सड़क निर्माण विभाग से मांग की है कि जनहित और सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नूरसराय चौहान मोड़ पर गोलंबर तथा अस्पताल के समीप स्पीड ब्रेकर का निर्माण जल्द कराया जाए, ताकि लगातार हो रहे सड़क हादसों पर अंकुश लगाया जा सके।

# शादी समारोह में युवक की हत्या का मुख्य आरोपी गिरफ्तार, विशेष छापेमारी में पुलिस को मिली सफलता




**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट तेल्हाड़ा (नालंदा)।** नालंदा जिले के तेल्हाड़ा थाना क्षेत्र में शादी समारोह के दौरान हुई युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। विशेष छापेमारी अभियान चलाकर आरोपी को दबोचने में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस का कहना है कि मामले के अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए भी लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस के अनुसार, 26 जून 2026 की रात करीब 12:30 बजे तेल्हाड़ा थाना को सूचना मिली कि शिवशंकरपुर गांव में आयोजित एक शादी समारोह के दौरान सुरत पासवान (पिता- स्वर्गीय महावीर पासवान), निवासी पारविगहा, थाना चिकसौरा को गोली मार दी गई है। गंभीर रूप से घायल सुरत पासवान को इलाज के लिए पीएमसीएच ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों के बयान पर तेल्हाड़ा थाना कांड संख्या 108/2026 दर्ज किया गया। प्राथमिकी में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 109(1), 3(5), अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की संबंधित धाराओं तथा आर्म्स एक्ट की धारा 27 के तहत तीन नामजद आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष अनुसंधान एवं छापेमारी टीम का गठन किया गया। तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मामले के मुख्य आरोपी ओमप्रकाश कुमार उर्फ लोटनिया (पिता- बृजलाली प्रसाद यादव), निवासी पारविगहा, थाना चिकसौरा, जिला नालंदा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वहीं, घटना में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठि. कानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। इस अभियान में अंचल निरीक्षक अमरेंद्र कुमार, चिकसौरा थानाध्यक्ष गौरव सिंधु, तेल्हाड़ा थानाध्यक्ष अजित कुमार टिंकू, अपर थानाध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद सहित तेल्हाड़ा थाना के कई पुलिस पदाधिकारी एवं जवान शामिल रहे।






# 3 जुलाई से नालंदा में मेगा टीबी स्क्रीनिंग अभियान, प्रतिदिन 12,785 लोगों की होगी जांच

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** नालंदा जिले को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने बड़ा अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। 3 जुलाई 2026 से जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में विशेष टीबी स्क्रीनिंग अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत प्रतिदिन 12,785 लोगों की टीबी जांच का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान की तैयारियों को लेकर गुरुवार को जिलाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले में 100 प्रतिशत टीबी स्क्रीनिंग का लक्ष्य हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, अतिरिक्त प्रा. थमिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रेफरल अस्पताल, अनुमंडल अस्पताल और सदर अस्पताल में प्रतिदिन व्यापक स्तर पर टीबी जांच की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभियान के दौरान केवल टीबी स्क्रीनिंग ही नहीं, बल्कि एक्स–रे, टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट (टीपीटी), डिफरेंशिएटेड टीबी केयर, निश्चय मित्र योजना तथा फूड बास्केट वितरण सहित सभी निर्धारित संकेतकों पर शत–प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित की जाएगी। इन कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग जिला स्तर पर प्रतिनियुक्त वरीय अधिकारियों द्वारा की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रखंड स्तर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, जीविका प्रखंड प्रबंधक, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी तथा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी संयुक्त रूप से अभियान की निगरानी करेंगे। उन्होंने विकास मित्रों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, जीविका दीदियों, कृषि सलाहकारों और पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों को जन–जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को टीबी जांच के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। वहीं आशा कार्यकर्ताओं को घर–घर जाकर संभावित टीबी मरीजों एवं संक्रमित मरीजों के संपर्क में आए लोगों की पहचान कर उन्हें जांच केंद्र तक लाने तथा टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट के लिए प्रेरित करने को कहा गया।




जिलाधिकारी ने बताया कि 3 जुलाई को सभी प्रखंड मुख्यालयों से चलंत चिकित्सा दल (मोबाइल मेडिकल टीम) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। प्रत्येक मोबाइल मेडिकल टीम प्रतिदिन कम–से–कम 150 लोगों की टीबी स्क्रीनिंग करेगी। उन्होंने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना, टीबी रोगियों की समय पर पहचान करना और नालंदा जिले को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य को निर्धारित समय–सीमा के भीतर हासिल करना है।जिले के सभी 20 प्रखंडों के लिए प्रतिदिन टीबी स्क्रीनिंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इनमें सबसे अधिक बिहारशरीफ प्रखंड में 1,010, इस्लामपुर में 955, एकंगरसराय में 790, हिलसा और हरनौत में 755–755, जबकि अन्य प्रखंडों में उनकी आबादी के अनुसार लक्ष्य तय किया गया है। पूरे जिले में प्रतिदिन 12,785 लोगों की स्क्रीनिंग की जाएगी। बैठक के अंत में जिला. धिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अभियान को मिशन मोड में संचालित करते हुए निर्धारित समय–सीमा के भीतर सभी लक्ष्यों की शत–प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करें, ताकि नालंदा जिला टीबी मुक्त भारत अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टीबी उन्मूलन की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर सके। बैठक में अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन सहित स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।




# जनता दरबार में जिलाधिकारी ने सुनीं 34 लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश




**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** जिलाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह ने गुरुवार को आयोजित दैनिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 34 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मामलों का शीघ्र एवं निष्पक्ष निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जनता दरबार में मानिकपुर गांव के एक आवेदक ने देवस्थान भूमि एवं पईन भूमि पर अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग की। इस पर जिला. धिकारी ने मामले के निष्पादन के लिए अपर समाहर्ता एवं जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। एक अन्य आवेदक ने अपनी दयनीय आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए बिहारशरीफ में कंप्यूटर संबंधी कार्य उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। इस मामले में भी जिलाधिकारी ने अपर समाहर्ता एवं जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में नहर खुदाई के मुआवजा भुगतान, घर के पास पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने, अधिग्रहीत भूमि की पुरस्कार (अवार्ड) राशि संबंधित व्यक्ति के नाम से भुगतान कराने, तथा परिमार्जन प्लस के तहत अंचल कार्यालय द्वारा आवेदन रद्द किए जाने की जांच कर त्रुटि सुधारते हुए जमाबंदी, खाता एवं खेसरा ऑनलाइन दर्ज करने से जुड़े मामलों पर भी जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा, एक आवेदक ने भूमि पर दबंगों द्वारा जबरन कब्जा किए जाने की शिकायत दर्ज कराई, जबकि एक अन्य आवेदक ने बिहारशरीफ अंचल कार्यालय में बिना रिश्वत लिए कार्य नहीं किए जाने का आरोप लगाया। इस मामले में जिलाधिकारी ने अपर समाहर्ता को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में शिक्षकों के वेतन विसंगति से संबंधित शिकायत भी सामने आई, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिक. ारी को मामले की जांच कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त प्राप्त अन्य सभी आवेदनों को भी संबंधित विभागों के अधिकारियों को भेजते हुए जिलाधिकारी ने समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

# सीएमआर आपूर्ति की समीक्षा: जिलाधिकारी ने 15 जुलाई तक शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के दिए निर्देश

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** जिलाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह ने 1 जुलाई 2026 को खरीफ विपणन मौसम 2025–26 के तहत धान अधिप्रा. प्ति, अधिप्राप्त धान के समतुल्य राज्य खाद्य निगम को उपलब्ध कराए जाने वाले कस्टम मिल्ड राइस (सीएमआर) तथा सीएमआर के भुगतान की प्रगति की समीक्षा संबंधित अधिकारियों के साथ की। बैठक में जिला प्रबंधक ने बताया कि वर्ष 2025–26 में पैक्स एवं व्यापार मंडलों द्वारा पंजीकृत किसानों से 1,32,967.46 मीट्रिक टन धान की अधिप्राप्ति की गई है। इसके समतुल्य 90,285.19 मीट्रिक टन सीएमआर राज्य खाद्य निगम को उपलब्ध कराया जाना है। इसके विरुद्ध अब तक 74,189.757 मीट्रिक टन (82.17 प्रतिशत) सीएमआर उपलब्ध कराया जा चुका है, जबकि 16,095.433 मीट्रिक टन (लगभग 555.01 लॉट) सीएमआर की आपूर्ति अभी शेष है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि सीएमआर जमा करने की अंतिम तिथि पहले 30 जून 2026 निर्धारित थी। हालांकि भारत सरकार के 18 जून 2026 के आदेश के अनुसार इसकी समय–सीमा बढ़ाकर 31 जुलाई 2026 कर दी गई है। बैठक में जानक. ारी दी गई कि जिले में कुल 229 पैक्स एवं व्यापार मंडल धान अधिप्राप्ति कार्य में लगे हैं। इनमें से 77 समितियां शत–प्रतिशत सीएमआर जमा कर चुकी हैं, जबकि 27 समितियों के पास एक लॉट से भी कम सीएमआर शेष है। इसके अलावा 86 समितियों के पास एक से चार लॉट तथा 39 समितियों के पास पांच लॉट से अधिक सीएमआर जमा कराना बाकी है। इन 39 समितियों में एकसारा, बेरथू, इस्लामपुर व्यापार मंडल, केनार, बौराडीह एवं सकरी ऐसी समितियां हैं, जिनके पास 10 लॉट से अधिक सीएमआर की




आपूर्ति लंबित है। अनुमंडलवार स्थिति के अनुसार बिहारशरीफ अनुमंडल में 15, हिलसा अनुमंडल में 18 तथा राजगीर अनुमंडल में 6 समितियों के पास पांच लॉट से अधिक सीएमआर शेष है। जिला प्रबंधक ने भुगतान की स्थिति की जानकारी देते हुए बताया कि अब तक 2,526.207 लॉट सीएमआर प्राप्त किया जा चुका है, जिसके विरुद्ध 1,530.357 लॉट का भुगतान किया जा चुका है। शेष भुगतान की प्रक्रिया जारी है। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जिला प्रबंधक को निर्देश दिया कि पांच लॉट से अधिक सीएमआर लंबित रखने वाली 39 समितियों की अनुमंडलवार सूची संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को इन समितियों की नियमित समीक्षा एवं अनुश्रवण करने तथा किसी भी समस्या की सूचना मिलने पर उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम तथा जिला सहकारिता पदाधिकारी को पैक्स, व्यापार मंडलों और सीएमआर संग्रहण केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि किसी समिति या सहायक गोदाम प्रबंधक द्वारा अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी तथा संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाएगी। इसके साथ ही जिला प्रबंधक को निर्देश दिया गया कि 15 जुलाई 2026 तक शत–प्रतिशत सीएमआर प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रखंडवार दैनिक लक्ष्य निर्धारित करें और उसी के अनुरूप प्रतिदिन समीक्षा करते हुए लक्ष्य हर हाल में समय–सीमा के भीतर पूरा करें। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदा. धिकारी, जिला प्रबंधक (राज्य खाद्य निगम) तथा प्रबंध निदेशक, नालंदा सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# रैतर गांव में 24 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू, हरे राम–हरे कृष्ण के जयघोष से भक्तिमय हुआ माहौल



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट गिरियक(नालंदा)।** प्रखंड क्षेत्र के रैतर गांव स्थित हनुमान मंदिर में गुरुवार को 24 घंटे का अखंड कीर्तन श्रद्धा और भक्ति के साथ शुरू हुआ। सुबह 10 बजे वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि–विधान के साथ अखंड कीर्तन का शुभारंभ किया गया। इसका समापन शुक्रवार, 3 जुलाई 2026 को होगा। कीर्तन के दौरान मंदिर परिसर और आसपास का पूरा वातावरण हरे राम, हरे राम, राम राम हरे हरे हरे कृष्ण, हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे के संकीर्तन से भक्तिमय हो उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु अखंड कीर्तन में शामिल होकर भक्ति रस में डूबे नजर आए।मंदिर परिसर के बाहर महिलाओं ने सामूहिक रूप से हरे राम का जाप किया, जबकि पुरुषों, युवाओं और बच्चों ने भी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ कीर्तन में भाग लिया। पूरे गांव में धार्मिक उल्लास और आध्यात्मिक वातावरण देखने को मिला। ग्रामीणों ने बताया कि अखंड कीर्तन का आयोजन गांव की सुख–समृद्धि, शांति और सभी के मंगल की कामना को लेकर किया गया है। आयोजन में आसपास के गांवों से भी श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है।

BP
Mob:- 7033325120

Shri Sai
Brotherhood Properties Pvt Ltd
जमीन | मकान | दुकान | खरीद | बिक्री | निवेश | किराया
Pillar no-26, Ranchi Road Bihar Sharif Naanda 803101

हरि ॐ बाबा
ॐ
मो0–9162439318
माँ भगवती ज्योतिष केन्द्र एवं
तंत्र, मंत्र, यंत्र संस्थान
हस्तरेखा, कुण्डली, रत्नपरामर्श, ग्रह शांती
उपाय वास्तु परामर्श हेतु सम्पर्क करें
मिलने का समय – सुबह 11 बजे से शाम 05 बजे
नोट– यहाँ कुत्ता, सांप, बिच्छा, बिछौती, जौंडीस, छुतहरा भी झाड़ा जाता है !
स्थान– श्री सती स्थान गोलापर, मथुरिया महल्ला, बिहार शरीफ (नालन्दा)


# रहुई पुलिस ने विशेष अभियान के तहत 15 वारंटियों को किया गिरफ्तार

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट रहुई (नालंदा)।** नालंदा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष अभियान के तहत रहुई थाना की पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग–अलग गांवों में छापामारी कर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुल 15 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वारंटियों की पहचान थाना क्षेत्र के सलमाबाद गांव निवासी राजन बिंद, देकपुरा निवासी भोला सिंह, अनुज पासवान, पप्पू कुमार, अजित कुमार, रहुई निवासी अजय कुमार, विजय कुमार, इकबाल गंज निवासी गुड्डू कुमार, इमामगंज निवासी सुरेंद्र रविदास, बरांदी निवासी अजय रविदास, बालचंद चौधरी, बलिया बीघा गांव निवासी रामदेव चौधरी, उत्तरनावां गांव निवासी अशोक कुमार पूर्व मुखिया, बसानपुर गांव निवासी शुक्र जमादार और मंदिलपुर गांव निवासी कारु पासवान के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष ललित विजय ने बताया कि ये सभी



पर न्यायालय द्वारा वारंट निर्गत था। जबकि रामदेव चौधरी पर कुर्की निर्गत था। जिसे कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया है। कागज़ी प्रक्रिया पूरी करने के बाद गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

# हरनौत पावर सब स्टेशन का एईई ने किया निरीक्षण

## बिजली आपूर्ति सुधारने के लिए जेई को दिए आवश्यक निर्देश



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत बाजार के रांची रोड़ में स्थित पावर सब स्टेशन (पीएसएस) का साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमि. टेड (एसबीपीडीसीएल) के सहायक विद्युत अभियंता (एईई) अमरेश कुमार ने बृहस्पतिवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बिजली आपूर्ति में सुधार के लिए कई आवश्यक निर्देश दिए।एईई ने बताया कि कल्याण बिगहा पीएसएस अंतर्गत 33 केवी जर्जर तार को बदला जा रहा है।चौनपुर पीएसएस अंतर्गत 33 केवी तार को बदला जा चुका है। हरनौत पीएसएस में कार्यरत कनीय अभियंता (जेई) मनीष कुमार ने बताया कि यह 33/11 केवी पीएसएस से विभिन्न पांच विभिन्न फीडरों दृसाऊथ टाऊन, साऊथ ग्रामीण, ईस्ट, वेस्ट व नार्थ को बिजली आपूर्ति करता है।यहां दस एमवीए एक एक तथा पांच एमवीए के दो ट्रांसफार्मर है।एईई ने बिहारशरीफ ग्रामीण–1 सप्लाई के तहत यह निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, एईई ने लोड की स्थिति, ब्रेकडाउन रजिस्टर, सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता और बकायेदारों पर की गई कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने पीक आवर में ट्रांसफार्मरों पर लोड की जांच की और गर्मी के मद्देनजर ओवरलोडिंग रोकने के निर्देश दिए। पिछले एक महीने में हुए फॉल्ट और उनके समाधान में लगे समय की समीक्षा की गई। उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निपटारे पर विशेष जोर दिया गया। सब स्टेशन में कार्यरत कर्मियों के सेफ्टी शूज, हेलमेट, ग्लव्स और फायर फाइटिंग सिस्टम की उपलब्धता भी जांची गई। बड़े बकायेदारों की सूची तलब कर डिस्कनेक्शन अभियान तेज करने को कहा गया। एईई अमरेश कुमार ने कनीय अभियंता और मानव बल को निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने लो वोल्टेज और बार–बार ट्रिपिंग की समस्या की भी जानकारी ली। मौके पर मानबल जीतेंद्र कुमार , ऑपरेटर खुशबू कुमारी , ऑपरेटर देवनाथ कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# हरनौत के दलदलीचक गांव में क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ फाइनल टीम विजेता को कप के साथ मिलेंगे आकर्षक उपहार

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड क्षेत्र के बराह पंचायत के दलदलीचक गांव में क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ बेहद उत्साह पूर्ण और रंगारंग माहौल में किया गया है। जिसका उद्घाटन वार्ड संख्या 2 के वार्ड सदस्य सुजीत कुमार चंद्रवंशी के द्वारा गुरुवार की शाम 4 बजे फीता काट कर किया गया। उद्घाटन समारोह में आए हुए मुख्य अतिथियों को टूर्नामेंट के संयोजक के द्वारा माला पहनकर स्वागत किया गया। क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों और युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। उद्घाटन के पहले मैच में थंडर फाल्कनस की टीम ने हैवी हिटर को 15 रन से हराया। इसी तरह दूसरी मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तूफान एक्सप्रेस की टीम ने हंगरी लाइंस टीम को दो विकेट से मैच जीत हासिल। सुजीत कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि फाइनल विजेता टीम को ₹1200 नगद एवं 2 फीट का चमचमाती हुई शानदार ट्रॉफी के साथ–साथ सभी खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। जबकि उपविजेता को₹600 नगद प्लस छोटा कब दिए जाएंगे। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सुजीत कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि क्रिकेट सिर्फ एक



खेल नहीं, बल्कि युवाओं के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का एक सशक्त मंच बन चुका है। गांव और कस्बों में आयोजित होने वाले क्रिकेट टूर्नामेंट खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ–साथ उन्हें अपनी खेल प्रतिभा निखारने का अवसर भी प्रदान करते हैं। वही उद्घाटन के दौरान मौजूद सत्येंद्र पासवान बताया  ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करना, नशे जैसी बुराइयों से दूर रखना और उनकी प्रतिभा को उचित मंच प्रदान करना है। कुल मिलाकर, क्रिकेट मैच का आयोजन न केवल खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाता है, बल्कि समाज में खेल संस्कृति को भी मजबूत करने का कार्य करता है। वही मौके पर राजा कुमार, लक्ष्मण कुमार, अनंत कुमार, रोशन कुमार ,सनी कुमार ,मोहन कुमार समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

# शराब के नशे में धुत हाइवा चालक ने महिला को टक्कर मारकर जख्मी किया , इलाज के दौरान पटना में मौत

**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोर्ट इस्लामपुर (नालंदा)।** सड़क पार कर रही अधेड़ महिला को शराबी ट्रक ( हाइवा) चालक ने अपने चपेट में लेकर जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमे महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई द्य उक्त घटना इस्लामपुर नगर के पटना रोड स्थित प्रखंड मुख्यालय के समीप घटी । घटना के बाद जख्मी महिला को स्थानीय नागरिकों ने आनन फानन में नजदीक के चिकित्सक के निजी क्लीनिक में इलाज के लिए लाया , जहा चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद चिंताजनक स्थिति में बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया । जहा जख्मी महिला की इलाज के दौरान गुरुवार की अहले सुबह मौत हो गई । प्राप्त समाचार के अनुसार मृतक महिला मूल रूप से नालन्दा जिला के सीमावर्ती सटे जहानाबाद जिला के हुलासगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कटाऊली गांव निवासी सेवानिवृत्त सिपाही श्रीकांत प्रसाद की पत्नी सुषमा कुमारी ( 54 वर्ष ) के रूप में पहचान हुई है। वर्तमान में मृतक महिला अपने परिवार के साथ बच्चों की पढ़ाई को लेकर इस्लामपुर नगर स्थित मलिक सराय मुहल्ले में रह रही थी , कि बुधवार की संध्या नजदीक के दूध खटाल से दूध लेकर अपने डेरा लौट रही थी , कि सड़क पार करने के क्रम में एकंगरसराय की तरफ से तेज रफ्तार से अनियंत्रित होकर आ रही मालवाहक ट्रक ( हाइवा) के चालक ने अपने चपेट में लेकर टक्कर मार दिया।जिससे महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई । घटना के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने हाइवा को अपने कब्जे में लेते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया ।स्थानीय लोगों ने बतलाया कि हाइवा का चालक शराब पीकर वाहन चला रहा था , जिससे तेज रफ्तार वाहन ने महिला को चपेट मे ले लिया । गिरफ्तार हाइवा चालक गयाजी जिला के बेलागंज थाना क्षेत्र के बेलवन बिगहा गांव निवासी अर्जुन प्रसाद का पुत्र राहुल कुमार बतलाया जाता है।

# हल्की बारिश में ही डूब जाती है हरनौत के सड़क, हल्की बारिश से हरनौत नगर पंचायत में कीचड़मय सड़क, पैदल चलना भी मुश्किल

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत नगर पंचायत क्षेत्र में जलजमाव की समस्या बरसात के दिनों में आम बात हो गई है। यहां तक कई मोहल्लों में जलजमाव से निजात दिलाने के लिए फिलहाल स्थाई पंप सेट लगा दिया गया।जो सरकारी डिजल पर हर रोज चलती है।वहीं नगर पंचायत क्षेत्र के हरनौत –जलगोबिंदपुरपथ तथा पंचशील नगर से निकलकर–नपं कार्यालय जाने वाली सड़क सहित अन्य पर जल निकासी व्यवस्था की बदहाली वर्षों से बनी हुई हुई।हरनौत –जलगोबिंदपुर जाने वाली सड़क में थाना मोड़ से पूर्व दिशा में हल्की बारिश से जलजमाव हो जाता है।लोग किनारे से होकर जाते दिखाई देते हैं। वहीं बीडीओ सरकारी आवास से लेकर दीदी अधिकार केंद्र तक सड़क किचड़ नुमा हो जाता है।हल्की बारिश होते ही सड़क पर जलजमाव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है। जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।यह सड़क क्षेत्र की प्रमुख संपर्क मार्गों में से एक है। जिससे प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण, छात्र, व्यापारी व वाहन चालक सहित अफसर स्वयं



आवागमन करते हैं।लेकिन बारिश के दौरान सड़क पर पानी भर जाने से आवागमन जोखिम भरा हो जाता है। दोपहिया वाहन चालकों को फिसलने का डर बना रहता है। जिसके कारण वे काफी सावध. ानी से धीरे–धीरे गुजरते हैं।पैदल चलने वाले लोगों को भी कीचड़ व पानी से होकर गुजरना पड़ता है। जिससे उनकी परेशानी और बढ़ जाती है।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सड़क के किनारे बने जर्जर नाला से समुचित जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण हर वर्ष बरसात के मौसम के अलावा अन्य सीजन में यही स्थिति बन रहती है।पानी निकलने का कोई उचित रास्ता नहीं होने से सड़क पर लंबे समय तक जलजमाव बना रहता है। जिससे सड़क की स्थिति भी लगातार खराब होती जा रही है।लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने को भी मजबूर हो सकते हैं।

# पूर्व के शराब धंधेबाज समेत तीन गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोर्ट इस्लामपुर (नालंदा)।** इस्लामपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के इचहोस गांव में छापेमारी कर लंबे समय से फरार चल रहे शराब धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान संजय सपेरा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, संजय सपेरा इस्लामपुर थाना कांड संख्या 638/2024 का नामजद अभियुक्त था और पिछले कई महीनों से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे उसके गांव से दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया पूरी कर जेल भेज दिया गया।वहीं, इसी अभियान के दौरान पुलिस ने इचहोस गांव से संजीव पासवान और बिंदी पासवान को भी गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए हिलसा जेल भेज दिया गया। इस्लामपुर थाना पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में फरार आरोपियों और अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे तत्वों पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# मारपीट का एफआईआर दर्ज, मारपीट कर एक पक्ष से तीन लोगों को किया जख्मी




**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत थाना अंतर्गत सबनहुआडीह में मारपीट की घटना बृहस्पतिवार को घटी है।एक पक्ष से तीन लोगों को मारपीट जख्मी कर दिया। आनन–फानन में उपचार के लिए कल्याण विगहा में स्थित रेफरल अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज करवाया गया। जख्मी में सबनहुआडीह गांव के निवासी शरण यादव के पत्नि रानी देवी एवं उनके दो पुत्रियां शामिल हैं।वहीं सबनहुआडीह के निवासी शरण यादव के पत्नि रानी देवी ने हरनौत थाना में एफआईआर दर्ज करवाने के लिए आवेदन दिया है। उन्होंने गांव के ही संतोष यादव एवं उनके पत्नी सुनैना देवी एवं पुत्र ओमप्रकाश कुमार पर मारपीट ,गाली–गलौज, आंख फोड़ने के नियत से आंख पर हमला ,घमकाने सहित अन्य का आरोप लगा लगाया है। उन्होंने मारपीट के बाद जाते वक्त सोने के लॉकेट एवं चौन चीन का भी आरोप लगाया है।वहीं थाने में तैनात एसआई विकेश कुमार महतो ने बताया कि आवेदन मिला है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

भारत के टॉप प्राईवेट यूनिवर्सिटी में शिक्षा के लिए करें आवेदन
अपने करियर को दे नई उड़ान......
1. यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त
2. बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध
ENGINEERING | MEDICAL | MANAGEMENT | B.Ed
PHARMACY | AGRICULTURE | B.Sc NURSSING
COMPUTER APPLICATION | B.Sc, B.Com, B.A. M.Sc.
M.Com, M.A., PHd
& OTHER COURSES
आवेदन के लिए संपर्क करें
अमर वर्मा
संपर्क :- 8210335159
ग्राम देवधा निकट पावापुरी रोड, स्टेशन, बिहार शरीफ (नालन्दा)